भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या – 2081
दिनांक 31.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

निकासी अभियान पर व्यय

2081. श्री अरविंद धर्मापुरी:
श्री बलभद्र माझी:
श्री शंकर लालवानी:
श्री जुगल किशोर:
श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी:
श्री नलिन सोरेन:
श्री विष्णु दयाल राम:
श्री तेजस्वी सूर्या:
श्री दुलू महतो:
डॉ. संजय जायसवाल:
श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:
श्री खगेन मुर्मु:

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पाँच वर्षों के दौरान विदेशों से भारतीय नागरिकों को निकालने पर सरकार द्वारा किए गए व्यय का मिशन-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) तेलंगाना सहित निकाले गए भारतीय नागरिकों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ग) ऐसे भारतीय नागरिकों की संख्या कितनी है जिन्हें निकाला नहीं जा सका या जो फंसे रहे और इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या निकासी के लिए किसी निजी या चार्टर्ड व्यवस्था का उपयोग किया गया था और यदि हां, तो निकाले गए लोगों और सरकार द्वारा अलग-अलग वहन किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ङ) निकासी अभियानों के दौरान रीयल-टाइम पंजीकरण, मिशन समन्वय और परिवार के साथ संचार को मजबूत करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(च) मेजबान सरकारों के साथ किसी भी राजनयिक बाधाओं सहित निकासी अभियानों के समन्वय में भारतीय मिशनों के समक्ष आई विशिष्ट कठिनाइयां क्या हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (च) भारत सरकार ने पिछले पाँच वर्षों में विभिन्न विशेष निकासी अभियानों के तहत कई देशों से 32 हजार से अधिक फंसे हुए भारतीय नागरिकों को निकाला है। पिछले पाँच वर्षों के दौरान, भारत के निकासी अभियानों की सूची व्यय के विवरण सहित अनुबंध-I में संलग्न है। इन अभियानों के तहत निकाले गए भारतीय नागरिकों की राज्य-वार सूची अनुबंध-II में संलग्न है।

2026 में पश्चिमी एशिया संकट के शुरु होने के बाद, भारतीय दूतावासों/कोंसलावासों ने पारगमन वीजा, स्थानीय आवास और परिवहन, सीमा पार आवाजाही आदि की व्यवस्था करके भारतीय नागरिकों की भारत वापसी को सुविधाजनक बनाया। इस तरह की सहायता प्राप्त वापसी की देशवार सूची अनुबंध-III में संलग्न है।

विदेशों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने हेतु, सरकार बदलती परिस्थितियों की बारीकी से निगरानी करने के लिए एक संरचित, बहु-स्तरीय तंत्र का उपयोग करती है। मौजूदा परिस्थितियों के आधार पर, सरकार भारतीय नागरिकों को सावधान करने के लिए परामर्शी जारी करती है और भारतीय मिशनों के साथ संपर्क में रहती है। भारतीय नागरिकों के लिए भारतीय मिशनों/केंद्रों तक पहुंचने के लिए विभिन्न संचार तंत्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें ईमेल, बहुभाषी 24x7 आपातकालीन नंबर, सोशल मीडिया, टोल-फ्री हेल्पलाइन और व्हाट्सएप नंबर शामिल हैं। भारतीय मिशन शीघ्रता से महत्वपूर्ण अपडेट साझा करने के लिए भारतीय समूहों के साथ संपर्क में हैं। निकासी अभियानों के दौरान, फंसे हुए भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों को जानकारी एवं सहायता प्रदान करने तथा निकासी की सुविधा के लिए मुख्यालय और विदेशों में 24x7 नियंत्रण कक्ष संचालित किए जाते हैं। सरकार

निकासी अभियानों के दौरान उपयोग हेतु एक डिजिटल आपातकालीन सहायता समाधान का अंतिम परीक्षण भी कर रही है। यह समाधान स्थानों की जियो-टैगिंग और संकट की स्थिति के दौरान सहायता प्राप्त करने सहित फंसे हुए भारतीय नागरिकों को आधारभूत एवं त्वरित जानकारी के साथ पंजीकरण करने हेतु एक मंच प्रदान करता है।

निकासी अभियानों के दौरान, सरकार सुरक्षित आश्रय, भोजन, स्थानीय और सीमा पार आवाजाही तथा परिवहन और आवश्यकतानुसार विशेष निकासी उड़ानों सहित संभार तंत्रीय सहायता प्रदान करती है। सरकार भारतीय मिशनों के समन्वय में भारतीय नागरिकों की सुरक्षित निकासी की सुविधा के लिए विभिन्न घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय एयरलाइनों, शिपिंग कंपनियों और परिवहन संभार तंत्रीय एजेंसियों के साथ भी जुड़ी हुई है।

संघर्ष क्षेत्रों में होने वाले निकासी अभियानों में सुरक्षा, हवाई क्षेत्र प्रतिबंध, कनेक्टिविटी का न होना, भूमि गतिविधियों पर प्रतिबंध आदि से संबंधित चुनौतियां शामिल हैं, जिन्हें अन्य भारतीय सरकारी एजेंसियों, भारतीय मिशनों और विदेशी सरकारों के साथ समन्वय में हल किया जाता है। किसी भी संकट के दौरान, सरकार निकासी अभियानों का समन्वय करने के साथ-साथ, विदेशों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए राजनयिक माध्यमों से संबंधित विदेशी सरकारों के साथ निरंतर संपर्क में रहती है।

अनुबंध- I

पिछले पांच वर्षों में सरकार द्वारा की गई निकासियों/अभियानों का विवरण

वर्ष	देश और अभियान का नाम	निकाले गए भारतीय नागरिकों की कुल संख्या	किया गया व्यय
2021	अफ़गानिस्तान ऑपरेशन *देवी शक्ति*	669 (इसमें *15* अन्य विदेशी नागरिक और *206* अफ़गान नागरिक शामिल हैं, जिनमें अफ़गान हिंदू/सिख अल्पसंख्यक सदस्य भी शामिल हैं)	1.90 करोड़
2022	यूक्रेन ऑपरेशन *गंगा*	18,282	116.58 करोड़
2023	सूडान ऑपरेशन *कावेरी*	4,097 (*136* विदेशी नागरिकों सहित)	45.63 करोड़
2023	इज़राइल ऑपरेशन *अजय*	1,343 (*14* ओसीआई कार्ड धारक और *20* विदेशी नागरिक शामिल हैं)	16.87 करोड़
2024	हैती ऑपरेशन *इंद्रावती*	17	48.34 लाख
2024	कुवैत (मृत भारतीय नागरिकों की विशेष मानवीय एयरलिफ्ट)	45 (पार्थिव शरीर)	12.84 लाख
2025	ईरान ऑपरेशन *सिंधु*	3,597	27.68 करोड़
2025	इज़राइल ऑपरेशन *सिंधु*	818	
2024-25	सीरिया	86	39.95 लाख
2022-2025	इराक	135	16.96 लाख
2025-2026	म्यांमार-थाईलैंड सीमा (म्यावाडी-थाईलैंड सीमा से भारतीय नागरिकों की वापसी)	1,741	76 लाख
2025	श्रीलंका	424 *(आईएएफ की विशिष्ट उड़ान से निःशुल्क निकाले*	5.80 लाख

	एचएडीआर ऑपरेशन *सागर बंधु*	***गए) और* 2,076 *(वाणिज्यिक उड़ानों से निकाले गए)***	
2026	**आर्मेनिया से ईरान (हाल के पश्चिमी एशिया संकट के दौरान आर्मेनिया के रास्ते ईरान से भारतीय नागरिकों की उपलब्ध उड़ानों से वापसी के लिए सीमापार आवाजाही)**	**2,557**	**6.05 करोड़**

अनुबंध- II

विभिन्न अभियानों के तहत निकाले गए भारतीय नागरिकों का राज्य-वार विवरण

ऑपरेशन गंगा के तहत निकाले गए भारतीयों की राज्य-वार सूची

क्रम सं.	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	नागरिकों की संख्या
1	अंडमान और निकोबार	4
2	आंध्र प्रदेश	682
3	अरुणाचल प्रदेश	1
4	असम	53
5	बिहार	1003
6	चंडीगढ़	52
7	छत्तीसगढ	210
8	दादरा और नागर हवेली	5
9	दमन और दीव	5
10	दिल्ली	681
11	गोवा	18
12	गुजरात	1020
13	हरियाणा	1436
14	हिमाचल प्रदेश	289
15	जम्मू और कश्मीर	128
16	झारखंड	158
17	कर्नाटक	615
18	केरल	3343
19	लक्षद्वीप	4
20	मध्य प्रदेश	412
21	महाराष्ट्र	1025
22	मणिपुर	23
23	मेघालय	40
24	मिजोरम	1
25	नागालैंड	4
26	ओडिशा	397

27	पुदुचेरी	28
28	पंजाब	609
29	राजस्थान	934
30	सिक्किम	26
31	तमिलनाडु	1479
32	तेलंगाना	667
33	त्रिपुरा	32
34	उत्तर प्रदेश	1917
35	उत्तराखंड	257
36	पश्चिम बंगाल	343
37	राज्य का नाम उपलब्ध नहीं	272
	कुल	**18282**

ऑपरेशन कावेरी के तहत निकाले गए भारतीयों की राज्य-वार सूची

क्रम सं.	राज्य	नागरिकों की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	106
2	असम	13
3	बिहार	370
4	चंडीगढ़	1
5	छत्तीसगढ	3
6	दिल्ली	27
7	गुजरात	492
8	हरियाणा	39
9	हिमाचल प्रदेश	25
10	जम्मू और कश्मीर	1
11	झारखंड	62
12	कर्नाटक	418
13	केरल	172
14	मध्य प्रदेश	20
15	महाराष्ट्र	337
16	मणिपुर	1

17	नागालैंड	3
18	ओडिशा	86
19	पंजाब	62
20	पुदुचेरी	7
21	राजस्थान	87
22	तमिलनाडु	244
23	तेलंगाना	129
24	उत्तर प्रदेश	800
25	उत्तराखंड	24
26	पश्चिम बंगाल	52
27	राज्य का नाम उपलब्ध नहीं है	380
	कुल भारतीय नागरिक	3961
	विदेशी नागरिक (ब्रिटिश- 3 + सूडानी-124 + नेपाली – 9)	**136**
	कुल योग (3961 + 136)	**4097**

ऑपरेशन अजय के तहत निकाले गए भारतीयों की राज्य-वार सूची

क्रम सं.	राज्य	नागरिकों की संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	45
2.	असम	20
3.	बिहार	29
4.	छत्तीसगढ़	6
5.	दिल्ली	36
6.	गोवा	3
7.	गुजरात	34
8.	हरियाणा	28
9.	हिमाचल प्रदेश	18
10.	जम्मू और कश्मीर	9
11.	झारखंड	13
12.	कर्नाटक	39
13.	केरल	121

14.	मध्य प्रदेश	14
15.	महाराष्ट्र	108
16.	मणिपुर	23
17.	मेघालय	2
18	मिजोरम	1
19.	नागालैंड	2
20.	ओडिशा	20
21.	पंजाब	9
22.	राजस्थान	33
23.	सिक्किम	11
24.	तमिलनाडु	131
25.	तेलंगाना	70
26.	उत्तर प्रदेश	145
27.	उत्तराखंड	14
28.	पश्चिम बंगाल	248
29.	राज्य का नाम उपलब्ध नहीं है	77
30.	**कुल भारतीय नागरिक**	**1309**
	ओसीआई कार्ड धारक (14) और नेपाली (20)	**34**
	कुल योग (1309 + 34)	**1343**

ऑपरेशन इंद्रावती के तहत हैती से डोमिनिक गणराज्य लाए गए भारतीयों की राज्य-वार सूची

क्रम सं.	**राज्य**	**नागरिकों की संख्या**
1.	गुजरात	1
2.	कर्नाटक	1
3.	केरल	1
4.	मध्य प्रदेश	1
5.	महाराष्ट्र	1
6.	नई दिल्ली	1
7.	ओडिशा	1
8.	तमिलनाडु	3
9.	तेलंगाना	1
10.	उत्तर प्रदेश	2
11.	राज्य का नाम उपलब्ध नहीं है	4

	कुल	**17**

कुवैत से भारत लाए गए पार्थिव शरीरों की राज्य-वार सूची

क्रम सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**नागरिकों की संख्या**
1.	उत्तर प्रदेश	3
2.	कर्नाटक	1
3.	महाराष्ट्र	1
4.	तमिलनाडु	7
5.	बिहार	2
6.	केरल	23
7.	आंध्र प्रदेश	3
8.	पश्चिम बंगाल	1
9.	झारखंड	1
10.	पंजाब	1
11.	ओडिशा	2
	कुल	**45**

ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से निकाले गए भारतीयों की राज्यवार सूची

क्रम सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**नागरिकों की संख्या**
1.	उत्तर प्रदेश	1198
2.	जम्मू और कश्मीर	1521
3.	लद्दाख	223
4.	कर्नाटक	135
5.	दिल्ली	114
6.	महाराष्ट्र	89
7.	तमिलनाडु	71
8.	गुजरात	56
9.	बिहार	50
10.	तेलंगाना	31
11.	केरल	21
12.	आंध्र प्रदेश	26
13.	मध्य प्रदेश	15
14.	पश्चिम बंगाल	13
15.	हरियाणा	8
16.	राजस्थान	6
17.	उत्तराखंड	4
18.	झारखंड	3

19.	पंजाब	10
20.	छत्तीसगढ़	2
21.	ओडिशा	1
	कुल	**3597**

ऑपरेशन सिंधु के तहत इज़राइल से निकाले गए भारतीयों की राज्यवार सूची

क्रम सं.	**राज्य / संघ राज्य क्षेत्र**	**नागरिकों की संख्या**
1.	आंध्र प्रदेश	50
2.	अरुणाचल प्रदेश	1
3.	असम	3
4.	बिहार	30
5.	चंडीगढ़	1
6.	छत्तीसगढ	2
7.	दिल्ली	39
8.	गोवा	2
9.	गुजरात	32
10.	हरियाणा	21
11.	हिमाचल प्रदेश	7
12.	जम्मू और कश्मीर	6
13.	झारखंड	7
14.	कर्नाटक	32
15.	केरल	62
16.	मध्य प्रदेश	4
17.	महाराष्ट्र	93
18.	मणिपुर	2
19.	ओडिशा	16
20.	पुदुचेरी	5
21.	पंजाब	8
22.	राजस्थान	25
23.	रांची	2
24.	सिक्किम	2
25.	तमिलनाडु	74
26.	तेलंगाना	37
27.	उत्तर प्रदेश	92
28.	उत्तराखंड	12
29.	पश्चिम बंगाल	151
	कुल	**818**

2024-25 में सीरिया से निकाले गए भारतीयों की राज्य-वार सूची

क्रम सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	नागरिकों की संख्या
1.	जम्मू और कश्मीर	45
2.	बिहार	14
3.	उत्तर प्रदेश	07
4.	आंध्र प्रदेश	05
5.	तमिलनाडु	05
6.	ओडिशा	01
7.	राजस्थान	01
8.	असम	01
9.	हरियाणा	01
10.	पंजाब	01
11.	पश्चिम बंगाल	02
12.	केरल	01
13.	पुदुचेरी (यूटी)	01
14.	तेलंगाना	01
	कुल	**86**

2022-2025 में इराक से निकाले गए भारतीयों की राज्य-वार सूची

क्र.सं.	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	नागरिकों की संख्या
1.	उत्तर प्रदेश	32
2.	पश्चिम बंगाल	26
3.	बिहार	18
4.	तमिलनाडु	10
5.	आंध्र प्रदेश	13
6.	तेलंगाना	2
7.	गुजरात	3
8.	राजस्थान	8
9.	केरल	3
10.	उत्तराखंड	2
11.	हरियाणा	2
12.	छत्तीसगढ	1
13.	जम्मू और कश्मीर	1

14.	मध्य प्रदेश	1
15.	दिल्ली	2
16.	पंजाब	7
17.	झारखंड	1
18.	हिमाचल प्रदेश	1
19.	हैदराबाद	2
	कुल	**135**

2025-2026 में थाईलैंड-म्यांमार सीमा से वापस लाए गए भारतीयों की राज्य-वार सूची

क्र.सं.	**राज्य / संघ राज्य क्षेत्र (यूटी)**	**नागरिकों की संख्या**
1.	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	02
2.	आंध्र प्रदेश	137
3.	असम	11
4.	बिहार	54
5.	चंडीगढ़	07
6.	छत्तीसगढ	02
7.	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	06
8.	दिल्ली	37
9.	गोवा	04
10.	गुजरात	129
11.	हरियाणा	110
12.	हिमाचल प्रदेश	45
13.	जम्मू और कश्मीर	42
14.	झारखंड	24
15.	कर्नाटक	95
16.	केरल	37
17.	मध्य प्रदेश	14
18.	महाराष्ट्र	209
19.	मणिपुर	01
20.	मिजोरम	01
21.	ओडिशा	11
22.	पुदुचेरी	02
23.	पंजाब	125
24.	राजस्थान	76

25.	तमिलनाडु	123
26.	तेलंगाना	105
27.	उत्तर प्रदेश	206
28.	उत्तराखंड	53
29.	पश्चिम बंगाल	73
	कुल	**1741**

भू- सीमा के माध्यम से ईरान से आर्मेनिया लाए गए भारतीयों की राज्य-वार सूची

क्रम सं.	**राज्य / संघ राज्य क्षेत्र**	**नागरिकों की संख्या**
1.	आंध्र प्रदेश	14
2.	बिहार	112
3.	दिल्ली	40
4.	गुजरात	91
5.	हरियाणा	25
6.	जम्मू और कश्मीर	980
7.	झारखंड	04
8.	कर्नाटक	32
9.	केरल	43
10.	लद्दाख	293
11.	मध्य प्रदेश	03
12.	महाराष्ट्र	51
13.	ओडिशा	08
14.	पुदुचेरी	14
15.	पंजाब	19
16.	राजस्थान	22
17.	तमिलनाडु	585
18.	तेलंगाना	03
19.	उत्तर प्रदेश	192
20.	उत्तराखंड	08
21.	पश्चिम बंगाल	18
22.	विदेशी नागरिक (बांग्लादेश)	01
23.	विदेशी नागरिक (गुयाना)	01
24.	विदेशी नागरिक (श्रीलंका)	01
	कुल	**2560**

अनुबंध- III

पश्चिमी एशिया संकट 2026 के कारण भारतीय दूतावासों/कोंसलावासों द्वारा भारत लौटने में सहायता प्राप्त भारतीय नागरिकों की सूची

क्र.सं.	**सहायता का विवरण**	**सहायता प्राप्त भारतीय नागरिकों की संख्या**
1	बहरीन (सऊदी-ट्रांज़िट वीज़ा प्राप्त करने में सहायता)	2500
2	लेबनान (लेबनान से वापस आने के लिए फ़्लाइट क्लियरेंस प्राप्त करने में सहायता)	354
3	इज़राइल (जॉर्डन के मार्ग से निकासी को सुविधाजनक बनाया गया)	248
4	जॉर्डन (जॉर्डन के भीतर भारतीय नागरिकों की मदद तथा इराक और इज़राइल से सीमा पार आने-जाने में सहायता)	1165
5	कतर (हवाई क्षेत्र के आंशिक रूप से खोले जाने पर यात्रा को सुविधाजनक बनाया गया)	1,00,000
6	कुवैत (सऊदी ट्रांज़िट वीज़ा और गैर-अनुसूचित उड़ान ऑपरेशन में सहायता)	30,000
7	इराक (सीमा पार आवाजाही में सहायता)	3225
8	आर्मेनिया (सीमा पार आवाजाही में सहायता)	3008
9	ओमान	105
कुल		**1,40,605**

*****